मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-4082128

क्रमांक / बी–5 / 2 / एगमार्कनेट / DR / 2019–20 / 1341 भोपाल दिनांक 06 मार्च 2020

प्रति,

संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / नर्मदापुरम / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / चम्बल / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कुल 34 मण्डी समितियों की चयनित जिन्सों की missing अर्थात प्रविष्टी से छूटी हुई दैनिक आवक एवं भाव की किस्मवार जानकारी की प्रविष्टी भारत सरकार के interface में करने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक / बी–5 / 2 / एगमार्कनेट / DR / 2019–20 / 1130–1131 दिनांक 01 / 06 / 2019 एवं पत्र क्रमांक 1167–1168 दिनांक 05 / 07 / 2019।

–0–

उल्लेखित विषय में भारत सरकार के अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक DO-No.S-11-17/01/2017-MRIN दिनांक 03 मई 2019 की छाया प्रति मय अनुलग्नकों के संदर्भित पत्र के संलग्न प्रेषित कर भारत सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई List of Markets with Identified Commodities of Madhya Pradesh के अंतर्गत प्रदेश की कुल 35 चयनित मण्डी समितियों की सूची उपलब्ध कराई जाकर उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित जिन्सों की दिनांक 01 / 01 / 2005 से अब तक की missing अर्थात प्रविष्टी से छूटी हुई दैनिक आवक एवं भाव की किस्मवार जानकारी भारत सरकार के online interface (http://agmarknet.nic.in/market_profile/Home_missing.aspx) में प्राथमिकता के आधार पर 10 दिवस की समय सीमा में दर्ज कराने कराने के निर्देश संदर्भित पत्र के द्वारा दिये गये हैं। साथ ही इस कार्य को पूर्ण करने चयनित मण्डियों के उपयोग हेतु login id for all APMC is agmark1 एवं password for missing data entry एवं जानकारी दर्ज करने की विधि यथा प्रकिया का यूजर मेनुअल तैयार कर संलग्न उपलब्ध कराये गये हैं।

उपरोक्त के परिपालन में स्मरण कराये जाने के बाद भी किसी भी संयुक्त / उप संचालक, आंचलिक कार्यालय के द्वारा अपना पालन प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण भारत सरकार को अवगत कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है।

दिनांक 06 / 03 / 2020 को सहायक कृषि विपणन सलाहकार, स्थानीय कार्यालय भोपाल द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 07 / 03 / 2020 को संयुक्त कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार फरिदाबाद द्वारा उपरोक्त विषय की राज्यवार / मण्डीवार प्रगति पर चर्चा की जाना है की वांछित जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 06 / 03 / 2020 सायंकाल के पूर्व मण्डीवार वांछित प्रगति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य को प्राथमिकता देवें।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक / अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / एगमार्कनेट / DR / 2019–20 / 1342 भोपाल दिनांक 06 मार्च 2020

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) Shri B.K. Prusty, Dy. AMA, Directorate of Marketing & Inspection, Directorate of Marketing & Inspection A-Block, CGO Complex, NH-IV, Faridabad (Haryana) – 121001 :- कृपया कृषि उपज मण्डी समिति सागर जिला सागर का password उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि missing दैनिक आवक एवं भाव की किस्मवार जानकारी की प्रविष्ट / दर्ज कराई जा सके।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक सह एगमार्कनेट योजना समन्वयक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय भारत सरकार, स्थानीय कार्यालय 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन–2 भोपाल (म0प्र0)।

(05) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

अपर संचालक / अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल